**APPLY ONLINE**

# भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड

## (विपणन विभाग)

### ("स्वस्थ पशु सुरक्षित पशुपालक" योजना के अंतर्गत भर्ती विज्ञापन)

**विज्ञापन संख्या : 02/BPNL/2026-27**

भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड (BPNL) द्वारा संचालित **"स्वस्थ पशु सुरक्षित पशुपालक"** योजना का उद्देश्य देश के किसानों एवं पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना, पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाना है। निगम द्वारा यह योजना पशुपालकों को सुरक्षा, पोषण एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालक प्रतिदिन पशुओं की देखभाल, दुग्ध उत्पादन, परिवहन एवं अन्य जोखिमपूर्ण कार्यों में संलग्न रहते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में दुर्घटना होने पर पशुपालक एवं उसका परिवार आर्थिक संकट का सामना करता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा पशुपालकों को दुर्घटना बीमा सुरक्षा उपलब्ध करवायी जा रही है, ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में पशुपालक आर्थिक रूप से कमजोर न हो।

योजना के अंतर्गत

- यदि कोई किसान / पशुपालक वर्ष में एक बार **"स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम"** (5 लीटर) क्रय करता है, तो उसे ₹1 लाख तक का दुर्घटना बीमा कवर 1 वर्ष हेतु निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है।
- यदि कोई किसान / पशुपालक एक साथ 3 कैन क्रय करता है, तो उसे ₹2.5 लाख तक का दुर्घटना बीमा कवर 1 वर्ष हेतु निःशुल्क प्रदान किया जाता है।

योजना के अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले दुर्घटना बीमा का सम्पूर्ण प्रीमियम भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड द्वारा वहन किया जाता है, जिससे पात्र पशुपालकों को निःशुल्क बीमा सुरक्षा उपलब्ध हो सके।

निगम द्वारा उपलब्ध करवाया जाने वाला "स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम" पशुओं के पोषण एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया उत्पाद है। यह पशुओं में कैल्शियम की पूर्ति करने, दुग्ध एवं फैट उत्पादन बढ़ाने, पाचन क्षमता सुधारने तथा मेटाबॉलिक एवं पोषण संबंधी समस्याओं को कम करने में सहायक माना जाता है। इसका उद्देश्य पशुओं को स्वस्थ बनाकर पशुपालकों की आय एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना है।

निगम द्वारा इस योजना के माध्यम से हजारों किसानों एवं पशुपालकों को ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, भारत सरकार द्वारा दुर्घटना बीमा सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार निगम द्वारा—

- वर्ष 2019 में ₹14 करोड़ 63 लाख
- वर्ष 2020 में ₹9 करोड़ 24 लाख
- तथा मार्च 2021 तक ₹5 करोड़ 5 लाख

तक का दुर्घटना बीमा कवर किसानों एवं पशुपालकों हेतु जारी किया जा चुका है।

योजना का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य पंचायत स्तर पर बेरोजगार एवं योग्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना भी है। इसी उद्देश्य से निगम द्वारा जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न पदों हेतु योग्य एवं ऊर्जावान अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। चयनित अभ्यर्थी पशुपालकों तक योजना का लाभ पहुँचाने, निगम के उत्पाद "स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम" के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय तथा ग्रामीण स्तर पर पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा देने का कार्य करेंगे।

इच्छुक अभ्यर्थी निगम की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करें।

## 1. पदों का विवरण

| क्रम सख्या | पदनाम | पद संख्या | मासिक वेतन* | आयु सीमा | आवेदन शुल्क* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डेयरी विस्तार अधिकारी | 160 | ₹45,650/- | 25 से 45 वर्ष | ₹944/- |
| 2 | डेयरी विकास अधिकारी | 800 | ₹38,550/- | 21 से 40 वर्ष | ₹826/- |
| 3 | डेयरी समन्वयक | 4000 | ₹27,000/- | 18 से 40 वर्ष | ₹708/- |

**नोट -:**

- आवेदन शुल्क में 18% GST सम्मिलित है।
- लक्ष्य पूर्ति नहीं होने पर वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक आधार पर किया जायेगा।
- निगम आवश्यकता अनुसार रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी कर सकता है।
- अभ्यर्थी की आयु सीमा की गणना ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि को आधार मानकर की जायेगी।
- भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड निजी क्षेत्र की पब्लिक लिमिटेड कंपनी है, अतः आवेदन शुल्क सभी वर्गों के अभ्यर्थियों हेतु समान रहेगा एवं किसी भी श्रेणी को आवेदन शुल्क में किसी प्रकार की छूट देय नहीं होगी।

## 2. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता

| क्र.सं | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | डेयरी विस्तार अधिकारी | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण। | • विपणन / मार्केटिंग क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।<br>• फील्ड कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जायेगी। |
| 2 | डेयरी विकास अधिकारी | भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से12 वीं उत्तीर्ण। | |
| 3 | डेयरी समन्वयक | भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से 10वीं उत्तीर्ण। | |

## 3. पद अनुसार कार्य दायित्व

| क्र.स. | पदनाम | लक्ष्य एवं कार्य दायित्व, अधिकार एवं लाभ |
|---|---|---|
| 1 | डेयरी विस्तार अधिकारी | **लक्ष्य एवं कार्य दायित्व**<br>1. जिला स्तर पर निजी क्षेत्र की न्यूनतम 25 डेयरियों की स्थापना हेतु कार्य करना।<br>2. निगम के उत्पाद “स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम” का प्रचार-प्रसार एवं निर्धारित बिक्री लक्ष्य अनुसार विक्रय सुनिश्चित करना।<br>3. दुग्ध संग्रहण केंद्रों, डेयरी संचालकों एवं पशुपालकों को निगम की योजनाओं से जोड़ना।<br>4. जिले में उत्पाद उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था हेतु डीलर नियुक्त करना।<br>5. डेयरी विकास अधिकारियों के माध्यम से न्यूनतम **3000 स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम कैन** (एक कैन 5 लीटर) प्रति माह **विक्रय लक्ष्य** प्राप्त करना अनिवार्य है।<br>6. अधीनस्थ डेयरी विकास अधिकारियों की टीम का मार्गदर्शन एवं कार्य संचालन सुनिश्चित करना।<br>✶ ***वर्ष के किसी भी माह में एक करोड़ की सेल करने पर 25 ग्राम सोना उपहार में देय होगा।*** |

BPNL

| | | |
|---|---|---|
| | | **अधिकार**<br>❖ डेयरी विस्तार अधिकारी के अधीन 5 डेयरी विकास अधिकारी होंगे ।<br>❖ डेयरी विस्तार अधिकारी के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ डेयरी विकास अधिकारी नियुक्त किये जा सकेंगे ।<br>**लाभ**<br>❖ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन ₹45,650/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी। |
| 2 | डेयरी विकास अधिकारी | **लक्ष्य एवं कार्य दायित्व**<br>1. तहसील स्तर पर निजी क्षेत्र की न्यूनतम 5 डेयरियों की स्थापना हेतु कार्य करना।<br>2. निगम के उत्पाद "स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम" का प्रचार-प्रसार एवं विक्रय करना।<br>3. पशुपालकों एवं डेयरी संचालकों को निगम की योजनाओं से जोड़ना।<br>4. निगम की योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करना।<br>5. उत्पाद वितरण हेतु डीलर नियुक्त करना।<br>6. डेयरी समन्वयकों की सहायता से न्यूनतम **600 स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम कैन** (एक कैन 5 लीटर) प्रति माह विक्रय लक्ष्य प्राप्त करना अनिवार्य है।<br>7. अधीनस्थ डेयरी समन्वयकों की टीम का संचालन एवं मार्गदर्शन करना।<br>✶ ***वर्ष के किसी भी माह में 25 लाख रूपये तक की मासिक सेल पर एक बाइक फ्री दिया जायेगा।***<br>**अधिकार**<br>❖ डेयरी विकास अधिकारी के अधीन 5 डेयरी समन्वयक होंगे ।<br>❖ डेयरी विकास अधिकारी के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ डेयरी समन्वयक नियुक्त किये जा सकेंगे ।<br>**लाभ**<br>❖ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन ₹38,550/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी । |
| 3 | डेयरी समन्वयक | **लक्ष्य एवं कार्य दायित्व**<br>1. ग्राम पंचायत स्तर पर निजी क्षेत्र की न्यूनतम 1 डेयरी स्थापित करवाना एवं निगम के उत्पाद "स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम" का प्रचार-प्रसार एवं विक्रय करना।<br>2. दुग्ध संग्रहण केंद्रों एवं डेयरी संचालकों को निगम की योजनाओं से जोड़कर पशुपालकों तक योजना का लाभ पहुँचाना।<br>3. पशुपालकों एवं डेयरी संचालकों से उत्पाद आदेश प्राप्त कर उत्पाद की उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित करना।<br>4. पात्र पशुपालकों का ₹1 लाख तक का निःशुल्क दुर्घटना बीमा जारी करना।<br>5. न्यूनतम **120 स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम कैन** (प्रत्येक कैन 5 लीटर) प्रति माह |

| | | |
|---|---|---|
| | | **विक्रय लक्ष्य** पूर्ण करना अनिवार्य होगा।<br>6. निगम के उत्पाद स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम कैन (प्रत्येक कैन 5 लीटर) क्रय करने वाले पशुपालकों को नियमानुसार एक वर्ष हेतु ₹1 लाख तक का निःशुल्क दुर्घटना बीमा लाभ उपलब्ध करवाना होगा।<br><br>✶ ***<u>वर्ष भर में किसी एक माह में दस लाख रुपये की मासिक सेल पर विदेश यात्रा मुफ्त दी जाएगी या तीन माह में लगातार 5 लाख की मासिक सेल पर विदेश यात्रा फ्री।</u>***<br><br>**लाभ**<br>❖ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन ₹27,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी । |

**नोट :-**

1. निगम में सफलतापूर्वक 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाले कार्मिकों को निगम के नियमानुसार यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता, आवास भत्ता एवं अन्य अतिरिक्त सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा।
2. निर्धारित कार्य लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में मासिक वेतन का भुगतान निगम के नियमानुसार आनुपातिक कटौती के साथ किया जायेगा।

## 4 . आवेदन प्रक्रिया :-

1.ऑनलाइन आवेदन के लिये निगम की वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com/ पर जाये तथा Apply Online पर क्लिक करें ।

2. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन (Vacancy PDF) / नियम व शर्तों को डाउनलोड कर सभी जानकारियों को आवश्यक रूप से पढ़े।
3. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो छः माह से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें ।
4. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी आवश्यक रूप से भरे ।

   **<u>नोट</u> :- आवेदक को सलाह दी जाती है कि ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर स्वयं का भरे ।**
5. ऑनलाइन भुगतान :- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड, UPI, वॉलेट और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है । आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें ।
6. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखें । आवेदन पत्र को निगम के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है ।
7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा ईमेल आईडी के माध्यम से आवेदक को भेजी जायेगी । अतः आवेदक अपनी ईमेल आईडी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे । गलत पता एवं गलत ईमेल आईडी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी ।

## स्कैन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के दिशा निर्देश:-

**1. फोटो अपलोड करने के दिशा निर्देश :-**

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है ।
- आवेदक को रंगीन नवीन फोटो अपलोड करनी होगी, मोबाइल और अन्य स्व रचित फोटो का उपयोग न करें ।
- फोटो में आवेदक का चेहरा कम से कम 55 प्रतिशत जगह घेरना चाहिए ।
- यदि आप चश्मा पहनते है तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते है, लेकिन चश्मे पर चमक (फ़्लैश) नहीं होनी चाहिए।
- आवेदक की फोटो में काला या धुप का चश्मा नहीं होना चाहिए ।
- फोटो जेपीईजी(JPEG) प्रारूप में होनी चाहिए ।
- फोटो फाइल का आकार 50 Kb. से 100 Kb. तक होना चाहिए ।
- प्रवेश के समय आवदेन पत्र पर लगी हुई फोटो आवेदक से मेल खानी चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है।

**2. हस्ताक्षर अपलोड करने के निर्देश:-**

- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा ।
- केवल जेपीईजी(JPEG) प्रारूप को स्वीकार किया जाएगा ।
- फोटो फाइल का आकार 20 Kb. से 50 Kb. तक होना चाहिए ।
- प्रवेश के समय आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है।

## 5. भर्ती कार्यक्रम एवं महत्वपूर्ण तिथियाँ

भर्ती प्रक्रिया से संबंधित समस्त कार्यवाही निम्न निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न की जायेगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व अपना ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन अथवा शुल्क स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| क्रमांक | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 28 मई 2026 (गुरुवार ),सायं 5.00 बजे तक |
| 2 | ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 28 मई 2026 (गुरुवार ),सायं 5.00 बजे तक |
| 3 | ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि संबंधी सूचना | विज्ञापन की अंतिम तिथि के लगभग एक माह पश्चात अभ्यर्थी की रजिस्टर्ड ई मेल आईडी पर प्रेषित की-जायेगी |

## 6. परीक्षा का माध्यम एवं स्थान

निगम द्वारा परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने का उद्देश्य अभ्यर्थियों के प्रारम्भिक स्तरीय ज्ञान का मूल्यांकन कर कार्य के प्रति समर्पित, मेहनती एवं योग्य अभ्यर्थियों की आवश्यकता की पूर्ति करना है।

अभ्यर्थी यह परीक्षा किसी भी कम्प्यूटर सेंटर, साइबर कैफे, लैपटॉप अथवा इंटरनेट सुविधा उपलब्ध स्थान से दे सकते हैं। परीक्षा हेतु निगम द्वारा किसी प्रकार का निर्धारित परीक्षा केंद्र अथवा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवश्यक लिंक एवं निर्देश अभ्यर्थियों की रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर भेजे जायेंगे। परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं सिलेबस साथ संलग्न है, जिसे अभ्यर्थी ध्यानपूर्वक पढ़ें।

## 7. चयन प्रक्रिया :-

### (क) आवेदन पत्रों की प्रारम्भिक जाँच

अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की प्रारम्भिक जाँच निगम द्वारा की जायेगी। आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा भरी गई जानकारी के आधार पर ही आगामी प्रक्रिया की जायेगी।

**विशेष : अभ्यर्थी आवेदन पत्र में स्वयं का मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी अंकित करें। गलत मोबाइल नंबर अथवा ईमेल आईडी दर्ज करने की स्थिति में उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी।**

### (ख) ऑनलाइन परीक्षा

आवेदन पत्रों की जाँच उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (Online Exam) हेतु सूचना उनकी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर भेजी जायेगी।

ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि एवं समय की सूचना विज्ञापन की अंतिम तिथि के लगभग एक माह पश्चात अभ्यर्थी की रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर प्रेषित की जायेगी।

### (ग) घोषणा पत्र प्रक्रिया

ऑनलाइन परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र ईमेल द्वारा भेजा जायेगा। अभ्यर्थी को उक्त घोषणा पत्र ₹100/- के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर निर्धारित तिथि तक डाक माध्यम से निगम कार्यालय में भेजना अनिवार्य होगा।
निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने अथवा अपूर्ण / गलत घोषणा पत्र भेजने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा तथा आगे की चयन प्रक्रिया हेतु पात्र नहीं माना जायेगा।

### (घ) साक्षात्कार

केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा जिनके द्वारा कार्य सम्बन्धी घोषणा पत्र नियमानुसार निगम कार्यालय में प्राप्त होंगे।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे—
- मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र
- पहचान पत्र
- अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
- सभी दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति

### (ङ) प्रशिक्षण

साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थियों को कार्यशैली, रिपोर्टिंग एवं अन्य आवश्यक जानकारी हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण की सूचना अभ्यर्थियों की रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर भेजी जायेगी।

प्रशिक्षण जयपुर अथवा लखनऊ में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा, जबकि प्रशिक्षण से संबंधित अन्य आवश्यक व्यय निगम द्वारा वहन किया जायेगा।

प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को निगम द्वारा नियमानुसार नियुक्ति पत्र जारी किया जायेगा।

### (च) अंतिम चयन

अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को निगम द्वारा **₹2.5 लाख** तक का **दुर्घटना बीमा निःशुल्क** प्रदान किया जायेगा।

## 8. कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस, स्कीम एवं परीक्षा पैटर्न

### ❖ परीक्षा योजना

| क्र.स. | पदनाम | लिखित परीक्षा | साक्षात्कार परीक्षा | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डेयरी विस्तार अधिकारी | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 2. | डेयरी विकास अधिकारी | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |
| 3. | डेयरी समन्वयक | 60 अंक | 40 अंक | 100 अंक |

### ❖ ऑनलाइन परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश

1. अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार दोनों में पृथक-पृथक न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
2. ऑनलाइन परीक्षा में कुल 60 प्रश्न पूछे जायेंगे।
3. सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ (Objective Type) प्रकार के होंगे।
4. परीक्षा की अवधि 30 मिनट होगी। परीक्षा की तिथि एवं समय की सूचना अभ्यर्थी की रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर भेजी जायेगी।
5. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक प्रदान किया जायेगा। गलत उत्तर के लिए किसी प्रकार की Negative Marking नहीं होगी। अतः अभ्यर्थी सभी प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करें।
6. ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने का उद्देश्य अभ्यर्थियों के प्रारम्भिक स्तरीय ज्ञान, कार्य क्षमता एवं मेहनती अभ्यर्थियों की आवश्यकता की पूर्ति करना है।
7. परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। Qualifying Marks में किसी प्रकार की छूट अथवा आरक्षण लागू नहीं होगा।

### ❖ ऑनलाइन परीक्षा की प्रक्रिया

1. ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को परीक्षा लिंक उनकी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर परीक्षा तिथि से लगभग 2 दिन पूर्व भेजा जायेगा।
2. परीक्षा प्रारम्भ होने से 15 मिनट पूर्व लिंक सक्रिय (Active) होगा। अभ्यर्थी को निर्धारित समय से पूर्व लॉगिन कर आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करनी होंगी।
3. लॉगिन हेतु अभ्यर्थी को अपना Registration Number एवं Registered Mobile Number दर्ज करना होगा। यह विवरण आवेदन पत्र एवं ईमेल के माध्यम से उपलब्ध करवाया जायेगा।
4. परीक्षा लिंक भेजे जाने की सूचना अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से भी दी जायेगी।
5. लॉगिन के पश्चात परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक निर्देश स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे, जिन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ना आवश्यक होगा।
6. अभ्यर्थी परीक्षा प्रारम्भ करने से पूर्व हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकेगा।
7. हिन्दी एवं अंग्रेजी विषयों को छोड़कर अन्य सभी विषयों के प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होंगे।
8. यदि प्रश्न पत्र के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में किसी प्रकार का अंतर अथवा त्रुटि पाई जाती है, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

### ❖ ऑनलाइन परीक्षा हेतु विशेष निर्देश

- परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री अथवा नकल का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- परीक्षा प्रारम्भ होने के बाद अभ्यर्थी को अपनी सीट नहीं छोड़नी चाहिए।
- परीक्षा के दौरान तकनीकी समस्या, इंटरनेट बाधा अथवा Power Failure होने पर निगम उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व अपने कंप्यूटर  मोबाइल एवं इंटरनेट कनेक्शन की जाँच कर लेने की सलाह / लैपटॉप / दी जाती है।
- अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु अपने पास साधारण कागज एवं पेन रख सकते हैं।

## ❖ ऑनलाइन परीक्षा हेतु निम्न तकनीकी सुविधाएँ उपलब्ध होना आवश्यक है—

- Desktop / Laptop : Windows 7 या उससे ऊपर
- Browser : Google Chrome
- Internet Speed : 4G अथवा बेहतर
- Stable Network / Signal

## ❖ परीक्षा परिणाम

1. परीक्षा समाप्त होने एवं उत्तर सबमिट करने के पश्चात अभ्यर्थी का परिणाम स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जायेगा।
2. अभ्यर्थी परिणाम का प्रिंट आउट प्राप्त कर सकेगा।
3. परीक्षा परिणाम एवं आगे की चयन प्रक्रिया से संबंधित सूचना अभ्यर्थी को उनके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर भेज दी जायेगी।

# <u>ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस</u>

| परीक्षा की स्कीम | | | |
|---|---|---|---|
| **विषय** | **अधिकतम अंक** | **प्रश्न** | **समय** |
| हिन्दी | 10 | 10 | 30 मिनट |
| अंग्रेजी | 10 | 10 | |
| गणित | 10 | 10 | |
| तार्किक क्षमता | 10 | 10 | |
| दैनिक विज्ञान | 10 | 10 | |
| कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त | 10 | 10 | |

**नोट:-**

1. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे व समान अंक के होंगे।
2. गलत उत्तर पर ऋणात्मक अंकन नहीं है।

BPNL
उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

## ❖ पद अनुसार सिलेबस

### ➢ डेयरी विस्तार अधिकारी

| **विषय** | **सिलेबस** |
|---|---|
| हिन्दी | अलंकार, विलोम शब्द, मुहावरे, समास, शुद्ध वर्तनी, वाक्यांश हेतु एक शब्द, पर्यायवाची, संधिविच्छेद- |
| सामान्य अंग्रेजी | Antonyms, Synonyms, Sentence Completion, Error Detection, Fill in the Blanks, Comprehension |
| सामान्य गणित | प्रतिशत, लाभ-हानि, औसत, समय एवं कार्य, समय एवं दूरी, सरलीकरण, आँकड़ों का विश्लेषण (Data Interpretation) |
| तार्किक क्षमता | Coding-Decoding, Analogy, दिशा ज्ञान )Direction Sense), Calendar, Blood Relation, Series |
| सामान्य विज्ञान | जीव विज्ञान, पौधों एवं पशुओं की संरचना, डेयरी प्रबंधन, पशुपालन सामान्य ज्ञान, पोषण एवं कैल्शियम |
| कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त | MS Office, Internet, Hardware, Software, Networking, World Wide Web, Digital Reporting |

### ➢ डेयरी विकास अधिकारी

| **विषय** | **सिलेबस** |
|---|---|
| हिन्दी | विलोम शब्द, मुहावरे, समास, शुद्ध वर्तनी, वाक्यांश हेतु एक शब्द |
| सामान्य अंग्रेजी | Antonyms, Synonyms, Sentence Completion |
| सामान्य गणित | प्रतिशत, लाभहानि-, औसत, साझेदारी, समय एवं कार्य, सरलीकरण |
| तार्किक क्षमता | समानता )Analogy), Calendar, Coding-Decoding, Analogy |
| सामान्य विज्ञान | पौधों और उनकी संरचना, रासायनिक यौगिक, महत्वपूर्ण तत्व, पशुपालन का सामान्य ज्ञान, डेयरी प्रबंधन की मूल जानकारी, पशु पोषण एवं स्वास्थ्य |
| कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त | MS Office, Input & output device, Internet Technology, World Wide Web, Keyboard Functions |

### ➢ डेयरी समन्वयक

| **विषय** | **सिलेबस** |
|---|---|
| हिन्दी | विलोम शब्द, मुहावरे, वाक्य शुद्धि , संधि एवं संधि विच्छेद |
| सामान्य अंग्रेजी | Basic Vocabulary, Antonyms, Synonyms, Simple Sentence Completion |
| सामान्य गणित | प्रतिशत, समय एवं कार्य, औसत, दशमलव एवं भिन्न , संख्या पद्धति |
| तार्किक क्षमता | श्रृंखला )Series), Analogy, Coding-Decoding, घड़ी संबंधी प्रश्न |
| सामान्य विज्ञान | जीव विज्ञान की मूल बातें, पौधों की संरचना, रासायनिक यौगिक, आवर्त सारणी, पशुपालन सामान्य ज्ञान |
| कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त | Computer Basics, MS Office, Internet, Generations of Computer , Keyboard Functions |

BPNL
उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

## 9. महत्वपूर्ण निर्देश

1. प्रत्येक पद हेतु अभ्यर्थी को पृथकपृथक आवेदन करना अनिवार्य होगा।-
2. आवेदन शुल्क की राशि किसी भी परिस्थिति में अप्रतिदेय (Non-Refundable) होगी।
3. किसी भी पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्र को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अंतिम अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में अभ्यर्थी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
4. निगम द्वारा केवल पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे तथा इस संबंध में कोई पृथक अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
5. आवेदन पत्र में स्वयं की ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा। गलत ईमेल आईडी अथवा मोबाइल नंबर दर्ज करने तथा निगम द्वारा भेजी गई ईमेल / सूचना को नहीं पढ़ने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी। इस संबंध में निगम द्वारा कोई वाद-विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. भर्ती प्रक्रिया से संबंधित समस्त सूचनाएँ निगम द्वारा ईमेल अथवा डाक माध्यम से अभ्यर्थी को प्रेषित की जायेंगी। अतः अभ्यर्थी अपना पत्राचार पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी सही एवं पूर्ण रूप से अंकित करें। गलत जानकारी दर्ज करने की स्थिति में निगम उत्तरदायी नहीं होगा।
7. निगम आवश्यकता अनुसार विज्ञापित पदों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी कर सकता है।
8. भर्ती प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम जानकारी हेतु अभ्यर्थी निगम की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

## 10.निगम के बारे में सामान्य जानकारी

1. भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड (BPNL) एक निजी क्षेत्र की पब्लिक लिमिटेड कंपनी है, जिसकी स्थापना वर्ष 2009 में की गई थी। निगम पशुपालन, डेयरी विकास, ग्रामीण रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं पशुपालकों के आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत है। निगम का उद्देश्य आधुनिक पशुपालन को बढ़ावा देना, ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना तथा पशुपालकों को योजनाओं एवं प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।

   निगम के प्रशिक्षण साझेदार राजस्थान सरकार एवं भारत सरकार से संबंधित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थान एवं उपक्रम रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से—

   - **RSLDC – राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, राजस्थान सरकार**
   - **ASCI – एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया, भारत सरकार**
   - **NSDC – राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, भारत सरकार**
   - **VSU – विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, राजस्थान सरकार**
   - **OICL – ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, भारत सरकार**

2. निगम के बारे में विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com का अवलोकन कर सकते हैं एवं निगम के आधिकारिक सोशल मीडिया एवं यूट्यूब चैनलों से जुड़ सकते हैं।

   अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भर्ती से संबंधित जानकारी केवल निगम के आधिकारिक माध्यमों से ही प्राप्त करें। किसी अन्य अनधिकृत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त जानकारी के लिए निगम उत्तरदायी नहीं होगा।

   **हेल्पलाइन नंबर :** 0141-2202271, 9351899199
   **समय :** सोमवार से शनिवार, प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक।

इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी भर्ती से संबंधित समस्त नियम एवं शर्तों का अध्ययन करने के पश्चात निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन करें। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी सूचनाएँ निगम की आधिकारिक वेबसाइट एवं अभ्यर्थी की रजिस्टर्ड ई मेल आईडी-पर उपलब्ध करवाई जायेंगी। भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड के साथ जुड़कर ग्रामीण विकास एवं पशुपालन क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त करें।

उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत

**ऑनलाइन आवेदन हेतु नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें -:**

**APPLY ONLINE**